पत्रांक–11 / न0वि0 / विविध–28 / 2025 - 2751     न०वि०एवंआ0वि0

**बिहार सरकार**

**नगर विकास एवं आवास विभाग**

प्रेषक,

**शाहिद परवेज,**
निदेशक,
नगरपालिका प्रशासन निदेशालय।

सेवा में,

**नगर आयुक्त,**
सभी नगर निगम।
**कार्यपालक पदाधिकारी,**
सभी नगर परिषद / सभी नगर पंचायत।

पटना, दिनांक– 08.08.2026

विषयः– **दिनांक 9–17 अगस्त, 2026 तक चलने वाले 'हर घर तिरंगा' राष्ट्रीय अभियान में जन सामान्य को राष्ट्रीय ध्वज से जोड़ने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि केन्द्र सरकार ने दिनांक 09 अगस्त, 2026 से 17 अगस्त, 2026 तक वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर तथा उसकी भावना को समर्पित 'हर घर तिरंगा' राष्ट्रीय अभियान संचालित करने की घोषणा की है। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा अपने आपको भावनात्मक रूप से राष्ट्रीय ध्वज से जोड़ने के लिए आमंत्रित करना है। इस अभियान के अन्य कार्यक्रम के रूप में स्थानीय बाईक / साईकिल / कार तिरंगा रैली, वंदे मातरम का सामूहिक गायन, राष्ट्रभक्ति से संबंधित सार्वजनिक समारोह के साथ–साथ आम नागरिकों को इस अभियान में डिजिटली जोड़ना है, जिसके लिए वे तिरंगा के साथ अपनी फोटो भारत सरकार के पोर्टल पर डालकर सहभागिता प्रमाण–पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

अतः निदेश है कि अपने–अपने नगर निकाय क्षेत्रों में 'हर घर तिरंगा' राष्ट्रीय अभियान के लिए उपर्युक्त आयोजनों के साथ–साथ जन–भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए तथा लोगों को इस अभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जाए। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए नगर निकायों द्वारा पर्याप्त संख्या में राष्ट्रीय ध्वज का निःशुल्क वितरण भी किया जाना आवश्यक होगा। राष्ट्रीय ध्वज जीविका से क्रय किए जा सकते हैं। तदनुसार इस संबंध में सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन दिनांक 18.08.2026 को विभाग को भेजा जाए।

विश्वासभाजन,
8.8.26

**निदेशक,**
नगरपालिका प्रशासन निदेशालय।